दिन– बुधवार                                                                 दिनांक– 02 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                   अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया – पात्र नागरिक सामान्य निवास वाले निर्वाचन क्षेत्रों में ही मतदाता के रूप में पंजीकरण करायें।

02 विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की आज पटना में बैठक। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी होंगे शामिल।

03. केंद्र सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी। पहली बार निजी नौकरी में आए कर्मचारियों को पंद्रह हजार रुपये तक का अतिरिक्त वेतन मिलेगा।

04. और, बांका में बनेगा प्रदेश का पहला परमाणु बिजली घर। राज्य सरकार ने केन्द्र को भेजा प्रस्ताव।

————————————————————

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्पष्ट किया है कि पात्र नागरिकों को केवल उन्हीं निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण कराना चाहिए, जहां के वे सामान्य निवासी है। उन्होंने बताया कि मूल निवास के आधार पर मतदाता पंजीकरण कराना लोक प्रतिनिधित्व कानून के अनुसार गैर कानूनी है। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रदेश में लगभग साठ प्रतिशत मतदाताओं को विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत वर्ष दो हजार तीन की मतदाता सूची को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। इस मतदाता सूची में लगभग पांच करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और साथ ही कोई भी अपात्र मतदाता मतदाता सूची में शामिल न हो।

————————————————————

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आज पटना के ज्ञान भवन में आयोजित की जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर विचार विमर्श किया जायेगा। बैठक के दौरान चुनाव में विजय संकल्प सहित कई प्रस्ताव पारित किये जाने की सम्भावना है। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल करेंगे।

———————————————————————————

केंद्र सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। योजना के तहत सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ से अधिक नौकरी सृजन का लक्ष्य है। इस योजना पर लगभग एक लाख करोड़ रूपये की लागत आएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी पर आए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन पंद्रह हजार रुपये तक मिलेगा।

———बाइट———

क्षेत्रीय पीएफ कमिश्नर हेमंत कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि इस योजना से साढ़े तीन करोड़ लोग लाभांवित होंगे। योजना के तहत लाभार्थियों को दो किस्तों में वेतन दिया जायेगा।

———बाइट———

सूचना और प्रसारण मंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने राष्ट्रीय खेल नीति— दो हजार पच्चीस को भी मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान विकास और नवाचार योजना को भी मंजूरी दी है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने अयोध्या की तर्ज पर माता सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम के विकास के लिए लगभग आठ सौ तिरासी करोड़ रूपये की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि इसमें पुराने मंदिर के उन्न्यन के लिए एक सौ सैंतीस करोड़ रूपये आवंटित किये गये हैं। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत छात्रों को तीन महीने से बारह महीने के इंर्टनशिप के लिए राशि दी जाएगी।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत राज्य के वरिष्ठ और आर्थिक रूप से कमजोर कलाकारों को तीन हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दिया जाएग।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने राज्य की पुरानी और विलुप्त हो रही कलाओं को बचाने और इसे आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री गुरू–शिष्य परंपरा योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि कैबिनेट ने पंचायती राज संस्थाओं और ग्राम कचहरी के जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से अनुदान देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

————————————————————————

प्रदेश में पहले न्यूक्लियर पावर प्लांट के निर्माण के लिए प्रयास तेज कर दिया गया है। राज्य की बिजली कम्पनी ने बांका जिले में परमाणु बिजली घर बनाने के संबंध में केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है। इसके तहत पांच सौ मेगावाट की क्षमता वाले प्लांट की स्थापना की जायेगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों पटना में आयोजित ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव की मांग पर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बिहार में परमाणु बिजली घर बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया था।

————————————————————————

बिहार सरकार ने तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में हुए विस्फोट की जांच करवाने का फैसला किया है। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि राज्य सरकार की टीम मौके पर जाकर घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी। उन्होंने बताया कि यदि जांच रिपोर्ट में फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतने की बात सामने आती है तो तेलंगाना सरकार के साथ–साथ केंद्र सरकार के समक्ष इस मुद्दे को उठाया जाएगा। गौरतलब है कि इस हादसे में बिहार के तीन श्रमिकों की मौत हुई है, जबकि सोलह अन्य लोग घायल हुये हैं।

————————————————————————

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, एनजीटी ने गंगा में अवैध बालू खनन से जलीय जीव डॉल्फिन को होने वाले खतरे को लेकर बिहार सरकार से जवाब तलब किया है। एनजीटी ने कहा है कि अवैध खनन से गंगा की सहायक नदियों गंडक, घाघरा, कोसी, महानंदा और परमान नदी में भी डॉल्फिन पर संकट बढ़ गया है। इधर, खनन और

भू–तत्व विभाग ने संबंधित जिलों में पदाधिकारियों से इस मामले में दर्ज एफआईआर की रिपोर्ट मांगी है।

———————————————————

प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को जीविका दीदी की ओर से तैयार की गयी पोशाक दी जायेगी। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी की उपस्थिति में दोनों विभागों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना में प्रतिवर्ष दो सौ करोड़ रूपये खर्च होंगे। इसके तहत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के बावन लाख बच्चों को दो–दो सेट पोशाक दी जायेगी।

———————————————————

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने केन्द्र सरकार से खरीफ मौसम दो हजार चौबीस–पच्चीस में चावल आपूर्ति की तिथि बढ़ाने की मांग की है। इस संबंध में श्री कुमार ने नई दिल्ली में केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि तिथि विस्तार नहीं होने की स्थिति में पैक्सों और व्यापार मंडलों पर पन्द्रह सौ करोड़ रूपये के वित्तीय बोझ का अनुमान है। इसलिए आपूर्ति की तिथि तीस सितम्बर तक बढ़ाई जाए। गौरतलब है कि इस वर्ष अब तक इक्कीस प्रतिशत धान की खरीद हुई है।

———————————————————

मौसम विभाग ने इस महीने राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। विभाग के अनुसार जून माह में भी प्रदेश में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गयी है। इस बीच, मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने आज पश्चिम चम्पारण और कैमूर समेत आस–पास के जिलों भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———बाईट–मौसम———

———————————————————

अब जिलों से प्राप्त अन्य समाचार....

नवादा जिले के गोविंदपुर में पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त वाहन जांच के दौरान एक टैंकर से पांच सौ कार्टन शराब बरामद की है।

———————————————————

शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलराम कुमार चौधरी ने एक ई–रिक्शा चालक की पिटाई के मामले में मेहुश थानाध्यक्ष परविंद चन्द्र दिवाकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – बिहार विधानसभा चुनाव से पहले रोजगार और युवाओं को आर्थिक मदद के मोर्चे पर केन्द्र और राज्य सरकार ने किये बड़े एलान।

हिन्दुस्तान लिखता है– सुपरवाईजर–लिपिक अब कुशल श्रमिक माने जायेंगे।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– उपभोक्ता लोन की हिस्सेदारी बढ़ी, क्रेडिट कार्ड बिल, पर्सनल लोन चुकाने में जा रही बड़ी कमाई।

————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया – पात्र नागरिक सामान्य निवास वाले निर्वाचन क्षेत्रों में ही मतदाता के रूप में पंजीकरण करायें।

02 विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की आज पटना में बैठक। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी होंगे शामिल।

03. केंद्र सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी। पहली बार निजी नौकरी में आए कर्मचारियों को पंद्रह हजार रुपये तक का अतिरिक्त वेतन मिलेगा।

04. और, बांका में बनेगा प्रदेश का पहला परमाणु बिजली घर। राज्य सरकार ने केन्द्र को भेजा प्रस्ताव।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।